# प्रेस नोट
## थाना नवाबाद, जनपद झांसी

दिनाँक 17.06.2025

- जनपद झाँसी पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही प्रभावी कार्यवाही,
- थाना नवाबाद पुलिस द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण,
- शातिर चोर चोरी के 02 घण्टा के साथ गिरफ्तार,

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी, श्री केशव कुमार चौधरी के कुशल पर्यवेक्षण एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, झाँसी श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के कुशल निर्देशन में अपराधों की रोकथाम एवं घटनाओं के अनावरण व सम्बन्धित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु जनपद झाँसी पुलिस द्वारा की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में आज दिनाँक 17.06.2025 को थाना नवाबाद पुलिस द्वारा 01 शातिर चोर को गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से चोरी के 02 घण्टा सम्बन्धित मु0अ0सं0 220/25 धारा 331(4)/305(D) बी0एन0एस0 थाना नवाबाद बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में अभियोग में संसुगत धाराओं का समावेश करते हुये अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

**संक्षिप्त:-**

दिनाँक 16.06.2025 को वादी कृष्ण कुमार तिवारी निवासी अंजनी नगर राजगढ़, थाना प्रेमनगर झाँसी द्वारा थाना नवाबाद पर लिखित प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया कि वह इलाहाबाद बैंक चौराहा के बगल में स्थित हनुमान जी के मन्दिर में पूजा करते है। प्रतिदिन की भाँति दिनांक 16.06.2025 को सुबह जब पूजा करने के लिये आये तो मन्दिर लगे पीतल के दो घन्टे गायब मिले। उक्त लिखित सूचना पर थाना नवाबाद पर मु0अ0सं0 मु0अ0सं0 220/25 धारा 331(4)/305(D) बी0एन0एस0 बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। घटना के सफल अनावरण हेतु पुलिस टीम द्वारा सार्थक प्रयास किये जा रहे थे, जिसके क्रम में आज दिनाँक 17.06.2025 को संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर सुकवां-ढुकवां कालोनी में बने पंचमुखी हनुमान मन्दिर के पीछे चौकी क्षेत्र इलाइट थाना नवाबाद जिला झांसी से अभियुक्त मुहम्मद सलीम पुत्र नसीम उम्र करीब 45 वर्ष नि0 तालपुरा थाना नवाबाद जनपद झांसी को गिरफ्तार किया गया, जिसके

कब्जे से मन्दिर से चोरी किये गये कुल 02 पीतल के घण्टे बरामद किये गये हैं। उक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में अभियोग में संसुगत धाराओं का समावेश करते हुये अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तः- मुहम्मद सलीम पुत्र नसीम उम्र करीब 45 वर्ष नि0 तालपुरा थाना नवाबाद जनपद झांसी

बरामदगी का विवरण- 02 घण्टा (पीतल के)

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. श्री सन्तोष कुमार अवस्थी, प्रभारी निरीक्षक थाना नवाबाद जनपद झाँसी
2. उ0नि0 श्री अंकित पंवार, चौकी प्रभारी इलाइट थाना नवाबाद जनपद झाँसी
3. उ0नि0 श्री शिवसागर सिंह, चौकी प्रभारी जेल थाना नवाबाद जनपद झाँसी
4. का0 618 प्रकाश चन्द्र, थाना नवाबाद जनपद झाँसी